हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 बड़ी धीमी गति से चल रहा अमृत योजना के रेलवे ...



07 नागद्धार यात्रा से पहले प्रशासनिक विजिट...



### राजपूत समाज, करणी सेना एवं सर्व ब्राह्मण समाज ने की कड़ी कार्रवाई करने की मांग

# करणी सैनिकों पर किए गए अत्याचारों पर बढ़ा जनाक्रोश, नर्मदापुरम में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हरदा में 13 जुलाई को पुलिस प्रशासन द्वारा करणी सेना एवं राजपूत धर्मशाला में घुसकर युवा, बच्चों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदेशभर में लोगों में आक्रोश है। जगह-जगह ज्ञापन और प्रदर्शन कर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर सर्वसमाज और राजपूत समाज द्वारा की जा रही है।

गुरुवार को नर्मदापुरम में भी पीपल चौक पत्रकार भवन पर क्षत्रिय राजपूत समाज, करणी सेना के पदाधिकारी एवं ब्राह्मण समाज सहित अन्य सर्व समाज के लोग एकत्रित हुए। हरदा पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिसके बाद सभी पीपल चौक से कलेक्ट्रेट गेट तक रैली निकालकर पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री के नाम पत्र नायब तहसीलदार मनोज नामदेव को सौंपा गया।

करनी सेना के कार्यकर्ताओं पर हरदा जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज, को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने विरोध दर्ज कराया। वहीं जिला मुख्यालय पर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया।



### सर्व समाज का मिला समर्थन

ज्ञापन में मांग कि है हरदा में कारणी सेना एवं बच्चियों पर हुए लाठीचार्ज की न्यायिक जांच एवं हरदा पुलिस पर उचित कार्रवाई की जाएं।हरदा पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को शीघ्र हटाने की मांग की। इस धरना-प्रदर्शन में नर्मदापुरम जिले के अनेक जगह से राजपूत समाज, ब्राम्हण समाज, करणी सेना एवं अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए।

### जिले भर में आज करणी सेना देगी ज्ञापन

हरदा की घटना के विरोध में प्रदेश करणी सेना के आव्हान पर 18 जुलाई प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लाकों के करणी सेना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेगे। इसी कड़ी में इटारसी करणी सेना द्वारा महाराणा चौक पर एकित्रत होकर एसडीएम आफिस में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### ब्राह्मण, परशुराम सेना ने ज्ञापन सौंपा

**इटारसी।** पिछले दिनों करनी सेना कार्यकर्ताओं पर हरदा जिले में हुई बर्बतापूर्ण घटना के विरोध में जिला सर्व ब्राह्मण समाज परशुराम सेना ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को संबोधित ज्ञापन एसडीएम टी. प्रतीक राव को सौंपा। ज्ञापन में पुलिस द्वारा राजपूत समाज करनी सेना पर अनावश्यक प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने, लाठीचार्ज करने की घटना की जांच और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया है कि राजपूत समाज द्वारा अपने लोकतंत्रिक अधिकारों का उपयोग करते हुए शांति पूर्ण ढंग से अपने संगठन करनी सेना के माध्यम से आंदोलन और विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था, हरदा जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से किये जा रहे विरोध को कुचलने के लिए अनावश्यक रूप से अत्याधिक बल प्रयोग करते हुए आंदोलनकारियों पर लाठी चार्ज किया, जिससे राजपूत समाज के अतिरिक्त आम नागरिकों को परेशानी हुई, उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। हरदा के राजपूत छात्रावास में भी पुलिस ने अकारण प्रवेश कर बल प्रयोग किया। निर्दोष राजपूत समाज के लोगों पर प्रकरण दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है। जिला परशुराम सेना, सर्व ब्राह्मण समाज ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि राजपूत समाज देश के हितों में बलिदान करने वाला समाज है, उसका देश के हित में गौरवशाली इतिहास है, ऐसे देश भक्त समाज के साथ सामूहिक रूप से इस प्रकार की कार्रवाई प्रदेश सरकार की संवेदनशील छबि खराब करती है। सेना ने दोषी अधिकारियों का तबादला कर उनकी जांच कराने की मांग की है।

# जयस की महापंचायत में मनावर विधायक ने की कार्रवाई की बात

### वन और राजस्व विभाग कर रहा है अत्याचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

आदिवासियों के संगठन जयस की जिला इकाई ने माखन नगर के अंबेडकर भवन में महापंचायत का आयोजन किया जिसमें मुख्य वक्ता मनावर विधायक डॉ हीरालाल अलावे सरकार और प्रशासन पर आदिवासियों के साथ बर्बरता कर बेदखल कर महिलाओं से अभद्रता करने की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही महा पंचायत में जिले और जिले के बाहर से भी बड़ी संख्या में आदिवासी पुरुष और महिलाएं शामिल हुई अन्य वक्ताओं ने वन विभाग और राजस्व विभाग द्वारा डराने धमकाने की बात कही

महापंचायत का आयोजन नर्मदा पुरम के जिला संगठन ने किया था जिसमें मुख्य रूप से विधायक डॉक्टर अलावे जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह परते प्रवक्ता कैलाश खुरना कमलेश उईके एवं अन्य संगठन के नेताओं ने भी अपनी बात कही शासन प्रशासन द्वारा आदिवासियों के साथ दबाव एवं बलपूर्वक कार्रवाई की निंदा की।

### महापंचायत में कांग्रेस के नेता भी पहुंचे

जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल ने संघर्ष और लड़ाई में हमेशा साथ देने की बात कही। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता संजय अहिरवार इंजीनियर अजय अहिरवार द्वारका चौधरी सहित जय संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए संगठन ने 8 सूत्री मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम स्थानीय अधिकारी को दिया। जिसमें बताया गया की डगपुरा एवं खकरापूरा के आदिवासियों के साथ किए गए अत्याचार की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए।

# स्वामी माधवानंद गिरि महाराज का चतुर्थ निर्वाण महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



परम पूज्य प्रातः स्मरणीय वन्दनीय सदगुरु देव,माधव संन्यास आश्रम संस्थापक ब्रह्मलीन काशी कैलाश पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्री 108 स्वामी माधवानन्द गिरि जी महाराज की चतुर्थ निर्वाण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

स्वामी शंकरानन्द गिरि ने बताया की 18 जुलाई को अभिषेक प्रातः 8 बजे से,संगीत सभा 10 बजे तथा श्रध्दांजली सभा 11बजे माधव संन्यास आश्रम, शनिवारा होली चौक नर्मदापुरम मे रखी गई है। हंस राय,केप्टिन करैया ने सभी गुरु भक्तो से महोत्सव मे उपस्थित होने की अपील की है।

# ग्राम चीचली की नहर में मिला युवक का शव पुलिस ने किया मर्ग कायम, जांच पड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम चीचली निवासी युवक यशवंत यादव पुत्र विष्णु प्रसाद यादव का शव बुधवार शाम चीचली की नहर में मिला। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक के परिजनों ने बताया कि नहर के पास खेल रहे गांव के ही बालकों ने उन्हें खबर दी थी कि यशवंत यादव नहर में गिर गया है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि युवक नहर में पानी में डूबा हुआ था। परिजन युवक को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सोहागपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। सूचना पर सोहागपुर थाने से एसआई मुकेश सोनी व आरक्षक नरेन्द्र भदौरिया शासकीय अस्पताल सोहागपुर पहुंचे व पूछताछ कर



जांच शुरू की। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है। एसआई मुकेश सोनी के अनुसार प्राथमिक जांच में मृतक यशवंत यादव के परिजनों ने पुलिस को बयान दिया के मृतक युवक शराब पीने का आदी था। नशे में युवक नहर में गिरा और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायमी कर सभी बिंदुओं पर जांच प्रारंभ कर दी है।

# नगर की खराब सड़कों व्यवस्थाएं को लेकर श्री समर्पण श्री सदस्यों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर की सड़कों की स्थिति अत्यंत ही खराब हो चुकी है। अधिकांश मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आमजन को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्कूली बच्चे, वृद्धजन, तथा दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन ढंग से किया जा रहा है। यह बात श्री समर्पण श्री ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से कही। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि बिना गुणवत्ता परीक्षण के ठेकेदारों को भुगतान किया जाना एक गंभीर मामला है।

नगर की जनता इस स्थिति से अत्यधिक पीड़ित है। आपसे निवेदन है कि स्वयं सड़कों की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही



सुनिश्चित करें। हमारी संस्था यह अपेक्षा करती है कि एक सप्ताह के भीतर सड़कों के सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएँ। अन्यथा, संस्था जनहित में उक्त सड़कों पर शांतिपूर्ण आंदोलन हेतु बाध्य होगी। इस दौरान संस्था के स्वदेश सैनी गोलू राजपूत राज खिल्लारे युवराज यादव दिव्यांश राजोरिया शिवांशु लोवंशी रजत रामरिया अनिल राजपूत वीरु पटवा रहमान खान मोहित यादव राहुल राव अजय यादव आदि सदस्य मौजूद रहे।

# देश में स्वच्छता के लिए नर्मदापुरम शहर 3 स्टार घोषित

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 - 25 के परिणाम जारी, नेशनल रैंकिंग में 26 वे और स्टेट लेवल पर 24 वीं रैंकिंग आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। यह हमारे शहर के प्रत्येक नागरिक, स्वच्छता कर्मियों और समस्त टीम के अथक प्रयासों का परिणाम है। 3 स्टार प्राप्त होने पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा नागरिकों और नपा के अधिकारी कर्मचारियों को बधाई दी गई। नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम संभाग की पहली 3 स्टार नगर पालिका भारत सरकार द्वारा घोषित की गई साथ में ओडीएफ सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया है।




### 50 हजार से 3 लाख तक जनसंख्या वाला है शहर

भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024- 25 में निकाय को 50000 - 3 लाख जनसंख्या वाले निकायों में 26 नेशनल रैंकिंग एवं मध्य प्रदेश राज्य स्तर पर 24 रैंकिंग प्राप्त हुई। जो जिले के लिए गौरावित करने वाली बात है।

### स्वच्छता में एक नई मिसाल

नपा सीएमओं हेमेश्वरी पटले ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में, नर्मदापुरम् ने 50,000 से 3 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 26वीं रैंक प्राप्त की है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके साथ ही, हमें गार्बेज फ्री सिटी में 3 स्टार रेटिंग और खुले में शौच मुक्त का दर्जा भी मिला है। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि हमारा शहर स्वच्छता के उच्चतम मानकों को पूरा कर रहा है और एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जागरुकता का प्रतीक

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने बताया कि यह उपलब्धि केवल एक रैंक नहीं, बल्कि हमारे शहर के हर नागरिक की स्वच्छता के प्रति जागरूकता और समर्पण का प्रतीक है। हम सभी को इस पर गर्व है और हम भविष्य में भी इस गौरव को बनाए रखने के लिए संकल्पित हैं। इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

### जिले में अब तक 591.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 17 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 591.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 238.7 मिमी औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 16 जुलाई 2025 से 17 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 46.2 मिमी, सिवनीमालवा में 52.0 मिमी, इटारसी में 0.0 मिमी, माखननगर में 0.0 मिमी, सोहागपुर में 0.0 मिमी, पिपरिया में 9.8 मिमी, बनखेड़ी में 0.4 मिमी, पचमढ़ी में 24.0 एवं तहसील डोलरिया में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.60 फीट है।

# होम साइंस कॉलेज में वर्ल्ड यूथ स्किल डे पर एनएससी कैडेट्स के द्वारा निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में आज गुरुवार को वर्ल्ड यूथ स्किल डे के अवसर पर आत्मनिर्भर भारत आइडिया एंड इनोवेशन की थीम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट द्वारा रेली निकालकर आत्मनिर्भर भारत के ओज पूर्ण नारे लगाए गए ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन, डॉ. श्रीकांत दुबे ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत आइडिया एंड इनोवेशन पर व्याख्यान का भी आयोजन किया




गया। यह कार्यक्रम 5 एमपी गर्ल्स बटालियन सी ओ दिनेश कनौजिया के मार्गदर्शन में किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने कहा कि सशक्त युवा समृद्ध राष्ट्र की आधारभूत धुरी है । वर्तमान समय में युवा को अपना व्यवसाय स्थापित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु कई अवसर उपलब्ध है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कीर्ति दीक्षित ने एवं आभार शैलेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा दुबे, डॉ. श्रुति गोखले, डॉ. मधु विजय, अजय तिवारी, डॉ. रफीक अली एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रही।

# नागरिकों ने लगाई गुहार, क्षतिग्रस्त भवन तुड़वाने और सड़क निर्माण के दिए आवेदन

### नपाध्यक्ष और सीएमओ ने की जनसुनवाई, कई समस्याओं के किए समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करने हेतु नगरपालिका में जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। जागरूक नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान कराने के लिए जनसुनवाई में पहुंचने लगे हैं। गुरूवार को हुई जनसुनवाई में करीब 18 आवेदन आए जिनका समाधान किया गया। जनसुनवाई के दौरान पार्षदगण उपस्थित रहे।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर शुरू हुई जनसुनवाई नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। प्रमुख समस्याओं में कोठी बाजार निवासी रितु यदुवंशी




द्वारा भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल की योजना के तहत सहायता राशि देने की मांग की गई।

आवेदन की जांच कर योजना लाभ दिलाने हेतु निर्देश दिए गए। इसी तरह ग्वालटोली निवासी सुशीला यादव द्वारा आवेदन दिया गया कि उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया है उसे तोड़ दिया जाए। इसी तरह कालिका नगर निवासी महिलाओं ने सड़क बनाने हेतु आवेदन दिया। विदित हो कि नगर पालिका द्वारा प्रति गुरूवार जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शहर के नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं तथा वार्डों में आ रही समस्या को भी दूर सकते हैं।

### भाजपा की आगामी कार्यक्रमों को लेकर वर्चुअल बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला नर्मदापुरम की आगामी कार्यक्रमों के निमित्त महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। बैठक में संभाग प्रभारी पंकज जोशी, जिला प्रभारी सीमा सिंह, जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने मंडल से लेकर प्रत्येक बूथ तक सोशल मीडिया आईटी विभाग के कार्यों एवं मन की बात कार्यक्रम को शत प्रतिशत करने के दिशा निर्देश दिए। बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित मंडल अध्यक्षों से मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुनिश्चित करने का मार्गदर्शन दिया। बैठक में आईटी जिला संयोजक राहुल पटवा ने पिछले महीने की मन की बात कार्यक्रम की रिपोर्टिंग की जानकारी दी।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में द्वितीय दिवस उमड़ी आस्था

# आज अपने बच्चों को दिए गए अच्छे संस्कार ही कल के एक अच्छे और समृद्ध राष्ट्र की नींव है: युवराज स्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आज अपने बच्चों को दिए अच्छे संस्कार ही कल एक अच्छे और समृद्ध राष्ट्र की नींव है। जब बच्चों को घर, परिवार, स्कूल, कॉलेज, मित्र मंडल और समाज से दैनिक कार्यों में अच्छी बाते सिखाई जाती है, अच्छे संस्कार दिए जाते तो कल को यही बच्चे बड़े होकर अलग अलग क्षेत्रों में जाकर राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं। उक्त उद्गार सरला मंगल भवन में श्रीमती मनोरमा देवी गुप्ता एवं परिवार बैंगलोर द्वारा आयोजित संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर श्री श्री 1008 युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य जी महाराज ने व्यक्त किए।

द्वितीय दिवस पर महाराज श्री ने



श्री कपिलोपाख्यान एवं ध्रुव चरित्र की कथा विस्तार से सुनाई। व्यासपीठ से संबोधित करते हुए आचार्य ने कहा कि ध्रुव, राजा उत्तानपाद और रानी सुनीति के पुत्र थे। राजा अपनी दूसरी पत्नी सुरुचि से अधिक प्रेम करते थे। एक दिन, ध्रुव खेलते-खेलते अपने पिता की गोद में बैठ गए। सुरुचि ने ध्रुव को अपमानित किया और कहा कि वह राजा की गोद में बैठने के योग्य नहीं है, क्योंकि वह उसकी (सुरुचि) कोख से पैदा नहीं हुआ है. ध्रुव अपनी मां सुनीति के पास गए और उनसे इस अपमान का कारण पूछा। सुनीति ने ध्रुव को समझाया कि भगवान विष्णु ही एकमात्र सहारा हैं और उन्हें ही प्रसन्न करना चाहिए। ध्रुव ने घर छोड़ दिया और भगवान विष्णु की तपस्या करने के लिए जंगल में चले गए. जंगल में, ध्रुव को नारद मुनि मिले। नारद मुनि ने ध्रुव को ₹ॐ नमो भगवते वासुदेवाय₹ मंत्र का जाप करने और भगवान विष्णु की तपस्या करने की सलाह दी. ध्रुव ने नारद मुनि की बात मानी और छह महीने तक कठोर तपस्या की। उन्होंने एक पैर पर खड़े होकर भगवान विष्णु की आराधना की।

इस अवसर पर रमेश चांडक, सतीश बांगड़, श्रीकांत मोलासरिया, अर्पण माहेश्वरी, श्रीकृष्ण खेड़ियाजी रायपुर सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### एपी एक्सप्रेस ट्रेन से टकराई महिला, मौत

**बैतूल।** आमला रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को रिश्तेदार से मिलने जा रही एक महिला की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई। महिला की पहचान मोरन ढाना निवासी शिवरी धुर्वे (57) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शिवरी धुर्वे बल्लाचाल जा रही थीं। वह रेलवे लाइन पार कर रही थीं, तभी एपी एक्सप्रेस की चपेट में आ गईं। ट्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि महिला को बचाया नहीं जा सका और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर रेलवे अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला गरीब परिवार से थीं और उनके दो बेटे हैं।

### धोखाधड़ी व गबन के आरोपी उप डाकपाल को किया गिरफ्तार



**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने डाकघर में धोखाधड़ी व गबन के आरोपी उपडाकपाल को गिरफ्तार किया है। कोतवाली में 26 अक्टूबर 2023 को राजेन्द्र पवार पिता गणेश प्रसाद पवार (55 वर्ष) निवासी शास्त्री वार्ड, सदर बैतूल ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि माधुरी गावंडे पति योगेश गावंडे, उम्र 35 वर्ष, निवासी भग्गूढाना, गंज बैतूल, योगेश गावंडे पिता सीताराम गावंडे, उम्र 39 वर्ष, निवासी भग्गूढाना, गंज बैतूल और अनिल कुमार पांसे तीनों द्वारा फरियादी एवं अन्य खाताधारकों के साथ मिलकर डाकघर के बचत खातों व आरडी खातों से लगभग 5,69,000 की धोखाधड़ी एवं गबन किया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना

## 23 माह में कहीं 30, तो कहीं 40 प्रतिशत ही हो पाया काम

# बड़ी धीमी गति से चल रहा अमृत योजना के रेलवे स्टेशनों का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

### अमृत भारत स्टेशन योजना में जिले के चार रेलवे स्टेशन शामिल



अमृत भारत स्टेशन योजना में जिले के चार रेलवे स्टेशनों को भी शामिल किया गया था। योजना अंतर्गत स्टेशन पर विकास कार्य होना है, लेकिन इन कामों की गति काफी धीमी है। दरअसल जिले के रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के लिए रेल मंत्रालय ने 93 करोड़ रुपए मंजूर किए। बैतूल स्टेशन पर 24.9 करोड़, आमला स्टेशन पर 31.7 करोड़, घोड़ाडोंगरी स्टेशन में 18.9 और मुलताई रेलवे स्टेशन पर 17.5 करोड़ से काम होना है। लेकिन टेंडर के बाद ठेकेदार कहीं 30 प्रतिशत काम कर पाये है तो कहीं 40 फीसदी ही काम हुआ है। ऊपर से कंस्ट्रक्शन के कारण यात्रियों को असुविधा हो रही है, वह अलग है। इधर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए काम किया जा रहा है। जिससे काम में देरी हो रही है। बता दे कि अमृत भारत स्टेशन के तहत जिले के बैतूल, घोड़ाडोंगरी, मुलताई और आमला रेलवे स्टेशन वल्ड क्लास के बनने वाले हैं। 6 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन स्टेशनों का वर्चुअल भूमिपूजन किया था। भूमिपूजन के 23 माह बाद भी चारों स्टेशनों पर केवल 40 प्रतिशत ही काम हुआ है। जिससे रेलवे यात्रियों और आमजनता में नाराजगी देखी जा रही है।

#### मास्टर प्लान में किया जा रहा बार-बार बदलाव

जानकार सूत्र बताते है कि रेलवे स्टेशनों के काम में देरी का एक कारण यह भी है कि काम शुरू होने के बाद रेलवे द्वारा मास्टर प्लान बदला जा रहा है और बार-बार निर्माण कार्यों की डिजाइन और स्थान परिवर्तित करने से स्टेशनों का कायाकल्प नहीं हो पा रहा है। स्टेशन का कायाकल्प के लिए सही प्लानिंग नहीं करने से बार-बार ड्राइंग डिजाइन बदली जा रही है। पहले जो मास्टर प्लान तैयार किया था, काम शुरू होने के बाद बदलने से घोड़ाडोंगरी स्टेशन पर 40 प्रतिशत काम हुआ है। बैतूल स्टेशन पर 20 प्रतिशत भी काम नहीं हुआ है। यही हाल मुलताई और आमला स्टेशनों का है। मुलताई स्टेशन पर लिफ्ट लगाने अब तक पोल खड़े किए हैं। इसके अलावा अन्य काम भी धीमी गति से चल रहे हैं।

#### इस कारण भी हो रही निर्माण कार्य में देरी

रेलवे स्टेशनों पर निर्माण कार्य में देरी के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है। निर्माण और मटेरियल पड़ा होने के कारण कई जगह रास्ता बंद कर दिया है। जानकार बताते है कि बैतूल रेलवे स्टेशन की बात करे तो यहां वेटिंग हॉल स्टील के खंभों से बनना था, लेकिन अब उसे कांक्रीट का बनाया जाएगा। स्टेशन पर सर्कुलेशन एरिया बड़ा किया जा रहा है। स्टेशन पर स्थित कार्यालयों के स्थान परिवर्तित किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन के बुकिंग ऑफिस का स्थान बदला जा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों के क्वार्टरों को तोड़ा जायेगा। लेकिन कर्मचारियों के क्वार्टर तोडने की अनुमति अब तक नहीं मिल सकी है।

#### पुराने केबल बचाने सावधानी से करनी पड़ रही खुदाई

रेलवे स्टेशन पर 100 साल से भी अधिक पुराने सिग्नल, टेलीफोन, पटरी बदलने के केबल डले हुए हैं। रेलवे ने ड्राइंग ठेकेदार को नहीं दिए जाने के कारण खुदाई के दौरान केबल निकल आते हैं। इस कारण काम बंद करना पड़ रहा है। यदि केबल कट जाएंगे तो ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। ऐसे में केबल शिफ्टिंग के कारण भी निर्माण कार्य तेजी से नहीं हो पा रहा है। बैतूल रेलवे स्टेशन के अमृत भारत स्टेशन में मेजर चेंज किए हैं। वही केबल और ब्लॉक मिलने में अधिक समय लग रहा है। उसके कारण भी निर्माण कार्यों में देरी हो रही है, जबकि जानकार सूत्र बताते है कि 2026 तक यह सारे काम पूर्ण किया जाना है। लेकिन काम की देरी से यह संभवन नहीं लग पा रहा है।

#### इनका कहना है

चूंकि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर काम करना पड़ता है। जिसके कारण निर्माण में देरी हो रही है। ड्राईंग-डिजाईन बदलने की मुझे जानकारी नहीं है। मैं पता करके ही बता पाऊंगा कि कौन-कौन से रेलवे स्टेशनों की ड्राईंग-डिजाइन में परिर्वतन किया गया है।

**- अमोल गहूकर**
पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर, नागपुर मंडल

## सप्ताहिक बाजारों में सख्ती जरूरी

# इटारसी के सर्राफा व्यापारी ने ग्रामीणों के जेवरात हड़पे, करोड़ों रुपए की ठगी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

बीजादेही थाना क्षेत्र में सोना-चांदी का धंधा करने वाले एक कथित व्यापारी द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों के साथ करोड़ों रुपये की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। इटारसी निवासी राजु सोनी पिता भागीरथ सोनी ने ग्राम ढोदरामउ में किराए की दुकान पर वर्षों से सोना-चांदी की खरीद-बिक्री और गिरवी का काम कर रहा था। अब इस व्यापारी पर धोखाधड़ी कर गहने हड़पने और फरार होने का आरोप है। प्रकरण में थाना बीजादेही में बी.एन.एस. की धाराओं 318(4), 316(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है। आवेदक कंचन चौहान निवासी टिमरनी की रिपोर्ट के अनुसार राजु सोनी ने गांव में कई वर्षों से दुकान चलाकर ग्रामीणों से गिरवी के नाम पर गहने लिए और बदले में साधारण सादे कागज पर नाम व राशि लिखकर रसीद दी। कई लोगों ने पैसे लौटा दिए, फिर भी गहने नहीं मिले। 2024 के श्रावण माह में व्यापारी ने दुकान बंद कर दी और गायब हो गया। पीड़ित ग्रामीणों ने जिन गहनों की जानकारी दी है, उनमें सोने के मंगलसूत्र, अंगूठी, झुमकी, चांदी की कड़ी, पायल, कमर पट्टा, बाकड़ा इत्यादि शामिल हैं। इनकी अनुमानित कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। यह मामला सिर्फ एक व्यापारी तक सीमित नहीं है। जिले के ग्रामों में साप्ताहिक हाट-बाजारों में दर्जनों अस्थायी सर्राफा व्यापारी नियमित रूप से दुकानें लगाते हैं। ये व्यापारी भी बिना लाइसेंस, बिना वैध दस्तावेजों के ग्रामीणों से गहने गिरवी लेते हैं और केवल सादे कागज पर रसीद लिखकर दे देते हैं, जो कानूनी रूप से मान्य नहीं होती। बीजादेही थाना प्रभारी रवि शाक्य ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच प्रारंभ कर दी गई है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

# दिव्यांग बच्चों को किया सहायक सामग्री, उपकरणों का वितरण



**शाहपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र शाहपुर में कक्षा 1 से 8 तक शाला में अध्यनरत 41 पात्र दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण करने के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिसमें एलिम्को टीम जबलपुर के अधिकारीगण एवं एमआरसी अजयलाल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों एवं उनके पालकों का स्वागत कर किया गया। एल्मिको टीम जबलपुर एवं जिला शिक्षा केन्द्र बैतूल द्वारा बच्चों की आवश्यकता अनुरूप सहायक सामग्री, उपकरणों का वितरण किया गया, जिसमें 41 बच्चों में से 21 बच्चों को टीएलएम किट, 7 बच्चों को व्हीलचेयर, 2 बच्चों को रोलेटर, 5 बच्चों को कैलिपरस, 8 बच्चों को कान की मशीन और 1 बच्चे को ब्रेल किट वितरित की गई। सामग्री पाकर बच्चे और पालकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## अतिथि शिक्षकों का विरोध

# अतिथि शिक्षकों को एंड्राइड मोबाइल दिए जाएं, फिर ई अटेंडेंस लागू करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार मुलताई को ज्ञापन सौंपकर अनिवार्य ई अटेंडेंस पर विरोध जताया है। अतिथि शिक्षकों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि 80 प्रतिशत अतिथि शिक्षकों के पास एंड्रॉयड फोन नहीं है और उनकी आर्थिक स्थिति 20000 का एंड्रॉयड फोन खरीदने की भी नहीं है। शासन पहले उन्हें एंड्राइड मोबाइल खरीद कर दे। इसके बाद शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों से अनिवार्यतः ई अटेंडेंस लागू करें। अतिथि शिक्षक संघ द्वारा सौपे गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों से अनिवार्यतः ई अटेंडेंस लगवाने हेतु आदेश जारी किया गया है, जो अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय है। ई अटेंडेंस लगवाने से पूर्व हमारी समस्याओं का निराकरण किया जाये, अतिथि शिक्षकों को प्रतिमाह निश्चित तिथि में मानदेय प्रदान किया जाये। शिक्षकों को मेडिकल / प्रसव/मातृत्व/पितृत्व/आकस्मिक समस्त प्रकार के अवकाशो की सुविधा प्रदान किया जाये। यह है कि जिन ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं है। सर्वप्रथम उन ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध करायी जाये। शिक्षकों का सर्वप्रथम वार्षिक अनुबंध भविष्य सुरक्षित किया जाये। सर्वप्रथम नियमित कर्मचारियों की भांति अतिथि शिक्षकों को समस्त प्रकार की शासकीय सुविधाओं का लाभप्रदान जाये। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने कहा है कि अतिथि शिक्षक की अटेंडेंस को लेकर मानसिक रूप से परेशान है पहले हमारी उक्त समस्याओं का समाधान करें अन्यथा उक्त आदेश को वापस लिया जाए। ज्ञापन सौपने वालो मे संघ सचिव प्रकाश साहू, सुनीता कापसे, ममता काडु, सोमराज नीरापूरे, दिव्या डोहरे, अंजलि पाटनकर, रोशनी देशमुख, मीना गावंडे ,देवेंद्र बनखे?, नारायण सावरकर आदि प्रमुख है।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की तहसील कार्यकारिणी घोषित डॉ कृष्णा धोटे बने तहसील अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



अखिल भारती ग्राहक पंचायत की बैठक स्थानीय ताप्ती भवन के नाना देशमुख सभागार में संपन्न हुई जिसमें मुलताई नगर की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया जिसके तहत डॉक्टर कृष्णा धोटे व कृष्णा गायकवाड़ तहसील अध्यक्ष बनाया गया है। नगर अध्यक्ष मनोज उइके एवं उप नगर अध्यक्षअशोक पवार व राजेश्वर बुआडे को सर्वसम्मति से घोषित किया गया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की कार्यकारिणी गठित करने एवं बैठक के माध्यम से ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए पूरे वर्ष की रूपरेखा बनाई जाने हेतु बैठक का आयोजन करने के लिए मुख्य रूप से भोपाल से पधारे ग्राहक पंचायत के विधि आयाम के प्रांत प्रमुख हरिद्वार एवं बैतूल से मुलताई तहसील के प्रभारी एवं जिला पर्यावरण आयाम के सह प्रमुख दिनेश लिखितकर व जिला उपाध्यक्ष ललित महतकर मुख्य रूप से पवित्र नगरी बैठक में उपस्थित हुए थे। बैठक में सचिव विष्णु पवार व दीपक देशमुख कोषाध्यक्ष राकेश भुजाडे व रोशन बालापुरे नगर मीडिया प्रभारी राजेश पाल को नियुक्त किया है।

## समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

# कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्य सम्मेलन 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आगामी 27 जुलाई को वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की बैतूल जिला कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्यों का सम्मेलन विजय भवन, नगर पंचायत शाहपुर में आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में जिले भर के आजीवन सदस्य व समस्त वैश्य घटक शामिल होगें। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के वैश्य समाज की ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाना है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर समाज, जिले तथा राज्य का गौरव बढ़ाया है। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष व अन्य अतिथिगण सम्मिलित होगें। सम्मान हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि रखने वाले समाज बंधुओं के विवरण आमंत्रित किए जाते हैं। शिक्षा (दसवी/ बारहवी कक्षा में उच्च अंक प्राप्त किया हो) चिकित्सा, विधि एवं न्याय, प्रशासनिक सेवा, उद्यमिता एवं व्यापार , कला, संगीत, साहित्य एवं संस्कृति, खेल, समाजसेवा, विज्ञान एवं तकनीक अन्य विशिष्ट क्षेत्रों में योगदान दिया हो। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील वृहद वैश्य समाज से की गई है। अपीलकर्ताओं में प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, संरक्षक बिरदीचंद पगारिया, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य तपन मोनू खंडेलवाल, जिला प्रभारी आशीष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अखिलेश गोठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, महिला जिला अध्यक्ष अमिता गुप्ता, जिला महामंत्रीगण हेमंत पगारिया, संजय अग्रवाल पाथाखेड़ा, रेखा शिवहरे तहसील अध्यक्ष देवेन्द्र जैन मुलताई, चिचोली नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा मालवीय, उपाध्यक्ष वर्षा आवलेकर, तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र सूर्यवंशी, प्रभारी आशीष सोनी, रितेश मालवीय आदि शामिल थे।

# दक्षिण एक्सप्रेस में आधा दर्जन से ज्यादा कॉलेज की छात्राएं बिना टिकट पकड़ाई

## चैकिंग स्टाफ ने हिदायत देकर छोड़ा, बेटिकट यात्री दबोचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आमला

दक्षिण एक्सप्रेस में लगभग आधा दर्जन कॉलेज की छात्राओं को बिना टिकट यात्रा करते हुए चेकिंग स्टाफ ने पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक सभी कॉलेज की छात्राओं का चालान काटकर हिदायत देकर छोड़ दिया गया है। पिछले कुछ दिनों से ट्रेन में रेलवे की तमाम सख्ती के बाद भी लगातार बड़ी संख्या में बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा जा रहा है। खासकर बैतूल-आमला और आमला-छिंदवाड़ा चलने वाली ज्यादातर ट्रेनों में रेलवे टीसी स्टाफ द्वारा बिना टिकट यात्रियों की पहचान की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को भी यूं तो कई बिना टिकट यात्रियों को दबोचा गया है, किंतु रेलवे टीसी स्टाफ द्वारा जिस ढंग से कॉलेज की छात्राओं को भी बिना टिकट मिलने पर किसी तरह की रियायत नहीं देते हुए उनका भी चालान काटा गया है, जो रेलवे की सख्ती को उजागर करता है। साथ ही रेलवे ये संदेश भी देना चाहती है कि रेलवे के नियमों को नजरअंदाज करके यात्रा करना अब आसान नहीं होगा। रेलवे द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक आमला से बैतूल, मुलताई, पांढुर्णा, परासिया, छिंदवाड़ा की ओर जाने वाली तमाम एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों मसलन दक्षिण एक्सप्रेस जीटी, गोंडवाना, पातालकोट और पंचवली एक्सप्रेस जैसी ट्रेन में ज्यादातर बिना टिकट यात्री सफर करते हैं, रेलवे की तमाम सख्ती के बाद भी देखा जा रहा है कि बिना टिकट यात्रियों की संख्या में कोई खासी कमी नहीं आ रही है। इधर रेलवे के सूत्र से पता चला हैं कि आमला से प्रतिदिन इटारसी नागपुर के बीच चलने वाला चेकिंग स्टाफ, जिन की संख्या लगभग 10 होती है, सभी मिलाकर प्रतिदिन 40 से ज्यादा बिना टिकट यात्रियों को पकड़ते हैं और प्रतिदिन लगभग 35 से 40 हजार रुपए ऐसे यात्रियों से वसूल किए जाते हैं, साथ ही चेकिंग स्टाफ लगातार ऐस यात्रियों को उचित टिकट लेकर यात्रा करने की हिदायत भी दे रहे हैं।

#### इनका कहना है

आज हमारे पास किसी भी बिना टिकट यात्रियों का मामला नहीं बनाया गया है। वैसे ज्यादातर मामलों में चेकिंग स्टाफ मौके पर ही चालान बनाकर यात्रियों को छोड़ देता है। ऐसे हालत में जब अगर यात्री चालान का पैसा नहीं भर रहा है, तब हमारे पास मामला बनाया जाता है।

**हरिओम निरंजन,** थाना प्रभारी, रेलवे पुलिस आमला

बैतूल से आमला आते हुए दक्षिण एक्सप्रेस में लगभग पांच छात्राएं जो बिना किसी उचित टिकट के स्लीपर कोच में यात्रा कर रही थी, स्टाफ द्वारा सभी का चालान बनाया गया है।

**सीएल डेहरिया,** मुख्य टिकट निरीक्षक, रेलवे आमला

## धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान और पेसा एक्ट का पूरी गंभीरता से क्रियान्वयन करें

# योजना में कोई भी बाधा बर्दाश्त नहीं होगी:उईके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल प्रेरक नेतृत्व में हर वर्ग के कल्याण और विकास की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। ताकि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आए। केंद्र और राज्य शासन द्वारा संचालित लोक हितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई भी बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यह बात केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य एवं सांसद श्री दुर्गादास उईके ने गुरुवार को कलेक्टर सभागार में आयोजित दिशा की बैठक में कहीं। उन्होंने जल जीवन मिशन, स्कूलों के निर्माण, सडक़ निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों में गुणवत्ता विहीन काम करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मोहन नागर, जिला योजना समिति के सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक महेंद्र सिंह चौहान, विधायक चंद्रशेखर देशमुख , विधायक घोड़ाडोंगरी गंगाबाई उईके, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, जनपद सदस्य एवं एनी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

#### निजी अस्पतालों को पैनल्ड किया जाए

केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान योजना की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जिले में आयुष्मान योजना में और अधिक निजी अस्पतालों को पैनल्ड किया जाएं। आयुष्मान योजना के हितग्राहियों को राशि का भुगतान समय पर हो। योजना में अनियमितता करने वाले वाले निजी अस्पतालों के विरुद्ध जांच दल गठित कर कार्यवाही की जाएं। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि जिले के दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसव सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएं। ताकि गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को परेशान न होना पड़े। जिले में खाद की मांग, आवंटन और वितरण की समीक्षा कर केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि जिले में खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही हैं। खाद का सुचारू और सुव्यवस्थित वितरण कराएं। ताकि किसानों को कोई परेशानी न हों। जिले में मक्का और धान का रकबा पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़ा। इसी अनुरूप खाद की मांग प्रस्तावित की जाएं। केंद्रीय मंत्री ने फसल बीमा कवरेज की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### जलजीवन मिशन में लापरवाही न बरतें अधिकारी : प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वाले ठेकेदारों को टर्मिनेट किया जाएं। उनकी राशि वसूल करने के साथ उनकी एफ आई आर भी कराएं। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएं।

# संदीप सोलंकी संत गाडगे बाबा समिति महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए



**बैतूल।** संत गाडगे बाबा समिति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सेवतकर ने प्रदेश संगठन प्रभारी अशोक कुमार बाथरे की अनुशंसा और वरिष्ठ समाज बंधुओं सी. गाडगे (राजू), रामप्रसाद बाथरी, वासुदेव सेवतकर, दिलीप सौदागर, राजेश व अनिल तायवाडे झ्र की सहमति पर संदीप सोलंकी को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सेवतकर ने बताया कि महासंघ का उद्देश्य संत गाडगे महाराज के विचारों को जनमानस तक पहुंचाना और समाज बंधुओं को एकजुट करना है। सोलंकी अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। अपनी नियुक्ति पर संदीप सोलंकी ने कहा कि वे निष्पक्ष रूप से कार्य करते हुए समाज बंधुओं को जोडऩे और संगठन को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। संदीप सोलंकी को जिला मीडिया प्रभारी बनने पर तिरुपति ऐरुल, कलमकार तरुडकर, अनिल तिडके, मनोज कनौजिया सिसोदिया सहित अनेक समाजजनों ने बधाई दी।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क: श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

संक्षेप खबर

## पूर्व पार्षद शकीला बानो का निधन

**सोहागपुर।** गरीबों को नियमित



निःशुल्क भोजन कराने वाली संस्था राम रहीम रोटी बैंक संचालक व पार्षद जमील खान की धर्मपत्नी पूर्व पार्षद शकीला बानो का गत दिवस निधन हो गया है। शकीला बानो गरीबों की सेवा के लिए जानी जाती थी। पार्षद पद पर रहते हुए उन्होंने जनता के हितों का ध्यान रखा और हर संभव मदद की। शकीला बानो को स्थानीय कब्रस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया व अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। शकीला बानो के आकस्मिक निधन पर नागरिकों ने खान परिवार के प्रति शोक व्यक्त किया है।

## बीएलओ का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**सोहागपुर।** विधानसभा के सभी बीएलओ का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र 138 निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनिल जैन से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर के सेंट पैट्रिक्स स्कूल में दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 तथा 17 जुलाई को हुआ। निर्वाचन शाखा सोहागपुर विस से प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रुटिरहित निर्वाचन नामावली बनाने के निर्देश अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मतदान केंद्र क्रमांक एक से 200 तक के बीएलओ का प्रशिक्षण 16 जुलाई को तथा केंद्र क्रमांक 201 से 314 तक के शेष बीएलओ का प्रशिक्षण 17 जुलाई को हुआ। जिसमें रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम अनिल जैन, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, नायब तहसीलदार रंजीत चौहान, निर्वाचन शाखा प्रोग्रामर अमित मिश्रा, उमेश रघुवंशी, अविनाश डोंगरे इत्यादि की उपस्थिति रही। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स केके दुबे, आरके दुबे, सीके पालीवाल, केके पुरोहित, मुकेश दुबे, सुनील ग्रेवाल आदि मौजूद रहे।

### नागद्वारी मेला 19 जुलाई से होगा शुरू, 10 दिवसीय आयोजन की तैयारी जारी

# नागद्वार यात्रा से पहले प्रशासनिक विजिट भक्तों के लिए रहेगी वाटर मैप की सुविधा

विश्व प्रसिद्ध नागद्वारी मेले की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों ने विजिट की। इस दौरान मेले की व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा बनाने के इंतजाम पर फोकस किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

19 जुलाई से पचमढ़ी में होने वाली नागद्वार यात्रा का शुभ आरंभ होने जा रहा है। यात्रा को लेकर प्रशासनिक अमला लगातार मेला क्षेत्र का भ्रमण कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है की आने वाले मेले में पचमढ़ी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े। आज के प्रशासनिक विकसित की अध्यक्षता एसडीएम पिपरिया इस अनीशा श्रीवास्तव द्वारा की गई हमसे खास बात चित करने पर उन्होंने यह जानकारियां दी।



### वाटर मैप की होगी सुविधा

नागद्वार यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पेयजल के लिए परेशान ना होना पड़े इसके लिए शुरुआती बिंदु से मंदिर स्थल तक जगह-जगह वाटर मैप बनाए जाएंगे। वाटर मैप में विस्तृत जानकारी रहेगी कि किन-किन जगहों पर पेयजल एवं अन्य सुविधाओं के लिए पानी उपलब्ध है। वाटर मैप के होने से श्रद्धालुओं को पीने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### जलगली पॉइंट तक निरीक्षण

आज के प्रशासनिक विजिट में जलगली पॉइंट तक निरीक्षण किया गया जिसमें सड़क के मरम्मत कार्य की जांच की गई एवं जलगली पॉइंट तक लाइट की व्यवस्था का जायज़ा लिया गया ।

### पार्किंग स्थल को बढ़ाया

एसडीएम ने बताया कि अस्थाई बस स्टैंड के पीछे पार्किंग स्थल को और भी बड़ा किया गया है। पहले के मुकाबले और ज्यादा वाहन संबंधित स्थान पर खड़े किए जा सकेंगे। अस्थाई बस स्टैंड शहर से पहले ही पड़ता है वहाँ पार्किंग होने से शहर का ट्रैफिक काबू में रहेगा एवं श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### सफाई कर्मी बढाए

मेला क्षेत्र की सफाई को देखते हुए इस बार सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया है। मेले के दौरान प्लास्टिक प्रदूषण को कंट्रोल किया जा सके इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। नागद्वारी मेला में 16 प्वाइंट नागद्वारी, काजरी, चिंतामणि, चित्रशाला, जलगली, जटाशंकर, बस स्टैंड, अस्थाई बस स्टैंड, अस्पताल,पगारा, बड़ा महादेव, नागफणी, कालाझाड़, पश्चिमी द्वार, पचमढ़ी द्वार इत्यादि बनाए गए जहां से श्रद्धालुओं का आवागमन होता है जिनकी स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।

## बोल बम के जयकारे लगाते हुए सोहागपुर से पचमढ़ी की ओर रवाना हुए कांवड़िए

### 23 वर्षों से अनवरत जारी नर्मदापुरम-जटाशंकर कांवड़ यात्रा

**सोहागपुर।** श्रावण मास में श्रद्धालु नर्मदा जल से शिवाभिषेक करते हैं। वहीं प्रतिवर्ष नर्मदांचल क्षेत्र में जटाशंकर कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष की यात्रा बुधवार को सोहागपुर पहुंची। रात्रि विश्राम उपरांत गुरुवार सुबह पचमढ़ी की ओर यात्रा रवाना हुई है।

जटाशंकर कांवड़ यात्रा से वर्षों से जुड़े सोहागपुरवासी सामाजिक कार्यकर्ता रीतेश साहू ने बताया कि सेठानी घाट नर्मदापुरम से नर्मदा जल कांवड़ में लेकर भक्त पचमढ़ी जटाशंकर महादेव तक कांवड़ यात्रा में जाते हैं। बुधवार को यह कांवड़ यात्रा सोहागपुर पहुंची। कांवड़ियों ने रात्रि विश्राम नगर के देनवा गार्डन में किया। तथा गुरुवार कांवड़यि कांधों पर मां नर्मदा जल भरी कांवड़ रखकर बोल बम के जयकारे लगाते हुए शहर भ्रमण को निकले।



जटाशंकर कांवड़ यात्रा संयोजिका राजो मालवीय ने बताया कि गुरुवार की सुबह सबसे पहले कावड़ियों ने देनवा गार्डन में मां नर्मदा व भोलेनाथ की आरती की। इसके पश्चात नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह रथ पर सवार माँ नर्मदा के जल और भोलेनाथ की पूजन की।

कांवड़ यात्रा रेलवे स्टेशन, मारूपुरा, पलकमति नदी पुल, कमानिया गेट, बिहारी चौक, पुराना सरकारी अस्पताल, एसडीओपी कार्यालय, नया बस स्टैंड होते हुए पिपरिया की ओर रवाना हुई। इस दौरान ग्राम बम्होरी स्थित वैष्णों ढाबे पर नेपाली बाबा ने कावड़ियों को भोजन कराया।

### 130 किमी की पैदल कांवड़ यात्रा

राजो मालवीय ने बताया कि नर्मदापुरम सेठानी घाट से जटाशंकर महादेव तक की यात्रा में कांवड़यि 130 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं। कांवड़यि पचमढ़ी में जटाशंकर पहुंचते हैं। जहां मां नर्मदा के पवित्र जल से भूतभावन भगवान जटाशंकर महादेव जी का जलाभिषेक किया जाता है। इस बार कांवड़ यात्रा का 23 वां वर्ष है। 2003 में पहली बार कांवड़ यात्रा निकाली गई थी और अब तक निरंतर जारी है। रीतेश साहू ने बताया कि कांवड़ यात्रा में 10 वर्ष के बालकों व बालिकाओं सहित 90 वर्ष के वृद्ध भी शामिल हैं।

## मूंग चोरी करने के मामले में एसडीएम ने की टीम गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायतकी ग्राम पंचायत तरौन कलामे सेवा सहकारी समिति के पबंधक राजेंद्र श्रीवास्तवके द्वारा शिव शक्ति वेयरहाउस मैं समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी चल रही है। मूंग की खरीदी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी पुरुषोत्तम रघुवंशी जनपद सदस्य पतिहीरालाल रघुवंशी अशोक रघुवंशी सहित 12 किसानों के द्वाराशिकायत अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव को की गई थी।

जिसमें अनुविभागीय अधिकारी के दारा टीम का गठन कर दिया गया है। जिसमें सभी विभागोंके अधिकारी कर्मचारीको जांच करने के आदेश दिए हैं। अधिकारियों के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ करदी है। जांच दल में मुख्य रूपसे वरिष्ठ कृषिविअधिकारीनिराली आर्य डबल लॉक प्रबंधक भारत सिंह निमोदा प्रबंधकवेयरहाऊसिंग कॉरपोरेशन भीम सिंह डाबर विपणन जिला अधिकारी कृषि विकास अधिकारी विकास पटेल रेणु कीर जिला सहकारी बैंक प्रबंधक प्रशासक सेवा सहकारी समिति प्रबंधक श्रीवास्तव सहित लगभग 10 लोगोंकी टीम तैयकीगई मौके पर सभी किसान अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला पिपरा अधिकारीके द्वारा किसाने की कथन लिए गए अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि खरीदीके दौरान कंप्यूटर एवं निकल गए रिकॉर्ड अनुसार तथाकेसानों के द्वारा की गई शिकायत एवंकिसान के द्वारा दिए जा रहे कथन के आधार पर में शिकायतमे काफी गड़बड़ी पाईजा रही है। किसानों के कथन के अनुसार शिकायत सही नहीं बैठ रही है। मामले की लगातार जांच रहीहै। किसानों के कथनएव रिकॉर्डमिलने के बाद ही आगे कुछकहा जा सकेगा। किसानों के दारा सरवेयर दुर्गेश विश्वकर्मा पर पैसे लेने की जो आरोप लगाए जा रहेथे उनमें किसानों के कथन के अनुसार कोई सत्यता नहीं पाई गई है। तथा बिहार राज्य के मजदूरों के द्वारा खरीदी में जो गड़बड़ी की गई थी उसके कारण मजदूरों कोहटा दिया गया है। पिपरिया कृषि उपज मंडी के मजदूरको काम सौंप दिया गया है।

## देसी कट्टे से फायर करने पर आरोपी के ऊपर मामला दर्ज

**पिपरिया।** मंगलवारथाना क्षेत्रके अंतर्गत 13 जुलाई 2025 को रात्रि 10:00 बजे ग्रामपंचायत हथवास मैं शिवपुर रोड तिगडडेपर स्थित स्वर्गीयननहू महाराज के ढाबे पर ढाबा मालिक एवं जनपद सदस्य नरसिंह रावत पर रज्जू उर्फराजेंद्र पुरबिमाद्वारा अदीबाजी करतेहुए रिवाल्वरसे फायर किया तथा जानसे मारने की धमकी देतेहुए देसी कट्टे से दुकान में फायरकिया। 15 जुलाई 2025 को शाम 5:00 बजे मंगलवार थाना प्रभारीगिरीश त्रिपाठी के आदेश अनुसार अपराध दर्ज किया गया 264/25,वी एन एस की धारा 119/1,125,351,/3, के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। याद रहे की रज्जू परबिया रवि विश्वकर्मा हत्याकांड में आईपीसी 302के तहत उम्र कैद की सजापप्राप्त अपराधी है जो लगातार फरार चल रहे है।

### संयुक्त संचालक लोक शिक्षक ने किया सांदीपनि स्कूल और बीईओ कार्यालय का निरीक्षण

सोहागपुर। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण डॉ. मनीष वर्मा व सांदीपनि विद्यालय संभागीय नोडल अधिकारी सुदीप गौर ने गत दिवस सोहागपुर सांदीपनि स्कूल व बीईओ कार्यालय का निरीक्षण किया है। इस दौरान अधिकारियों ने सांदीपनी स्कूल के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किया। अधिकारियों ने पाठ्य पुस्तकों एवं साइकिलों के वितरण की जानकारी ली तथा सीएम हेल्पलाइन पर निराकृत व लंबित प्रकरणों एवं नामांकन की स्थिति की समीक्षा की।

### निजी बस चालकों की मनमानी जारी, हाईवे पर खड़ी करते हैं बस

**सोहागपुर।** नर्मदापुरम जिले में निजी बसों के चालकों की दबंगता व मनमानी जारी है। संबंधित विभागों के मौन के चलते निजी बसों के चालक बीच हाईवे पर अपनी बस खड़ी कर सवारियां उतारते व बिठाते हैं। जिसके कारण यातायात की बाधा जिले के सभी शहरों व कस्बों में बनती है। आवश्यकता है कि जिला प्रशासन इस ओर भी ध्यान दे।



## अतिथि शिक्षकों को बेरोजगारी से बचाने स्कूलों में सह अकादमिक कार्यों में संलग्न करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अतिथि शिक्षक संघ सोहागपुर ने गुरुवार को अपनी मांगों का एक ज्ञापन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपा है। संघ की ओर से यह ज्ञापन एसडीएम अनिल जैन को सौंपा गया है।

ज्ञापन में अतिथि शिक्षक संघ सोहागपुर ने उल्लेख किया है कि सोहागपुर ब्लॉक के अधिकतर सरकारी विद्यालय नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्र में हैं, अतः ऑनलाइन उपस्थिति प्रक्रिया को सर्वर समस्या के चलते वर्षा ऋतु में स्थगित किया जाए। साथ ही ज्ञापन में उल्लेख है कि 18 जुलाई 2025 से अतिथि शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति प्रक्रिया निरस्त की जाए, क्योंकि मप्र सरकार ने सदैव मानवाधिकारों का सम्मान किया है। इसके अलावा अतिथि शिक्षकों ने मांग की है कि मध्य प्रदेश के समस्त विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को प्रतिमाह समय पर वेतन दिया जाए व 12 माह का वेतन दिया जाए। इसके अलावा मांग की गई है कि ऑनलाइन उपस्थिति लागू करने के पूर्व एच्छिक व आकस्मिक अवकाश तथा दुर्घटना बीमा का लाभ देते हुए स्थाई शिक्षकों के समान लाभ दिये जाएं। आगे मांग है कि पूर्व से ही शासकीय विद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को नियमित शिक्षकों की उपलब्धता होने पर भी सह अकादमिक कार्यों में संलग्न किया जाए ताकि अतिथि शिक्षक बेरोजगार न हों।



अंतिम मांग संघ की ओर से की गई है कि किसी कारणवश अतिथि शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाते हैं, तो उनकी ऑफलाइन उपस्थिति को मान्य किया जाए। इस दौरान संगठन की ओर से तुलाराम अहिरवार, नितिन पचौरी, धर्मेंद्र दुबे, सौरभ सरिता चौरसिया व अन्य अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

### जटाशंकर कांवड़ यात्रियों का किया स्वागत

**माखन नगर।** नर्मदा पुरम से नर्मदा जल लेकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने पचमढ़ी जा रहे सैकड़ो कावड़ यात्रियों का जगह-जगह स्वागत किया गया। प्रतिवर्ष राजो मालवीय द्वारा कैलाश मानसरोवर मुक्ति महासंकल्प कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी सोमवार को कावड़ यात्रा निकाली गई जिसका मंगलवार को स्वागत किया गया।

## शहीद भगत सिंह कॉलेज में डेंगू मलेरिया को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगतसिंह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी के निर्देशन में बरसात केमोसम को देखते हुए इस वर्ष भी डेंगूरोग के प्रतिजागरूक बढ़ाने के उद्देश्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम काउदेश्य छात्र-छात्राओं स्टाफ एवं उनके माध्यम से समुदाय के सदस्यों को डेंगू रोग के प्रति जागरूकता फैलाना और उससे बचाव के उपाय को अपनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ माहेश्वरी ने अतिथि वक्ताका स्वागत विद्यार्थियों



कोसंबोधित करते हुए इसबिमारी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुनीत शर्मा अस्पताल के द्वारा डेंगू से सावधानी के लक्षण एवं उसके उपाय बताएं मच्छरदानी का उपयोग करना पानीहोनेदेना इस तरह से अनेक तरह की जानकारी दी प्रोफेसर किटी मौर्य ने डेंगू पर प्रकाश डाला और इलाज करानेकी बात कहीं बात इलाज नाहोने पर मरीज की मृत्युसंभवहै । यह जानकारी विधि आभार प्रदर्शन डॉ अनीतासेन केद्वारा किया।

### आईटीआई में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को लेकर एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन

**पिपरिया।** मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा ग्रामपंचायत पनारी के कल्लू खापा गांवों में आईटीआई का संचालन किया जा रहा है। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बताया कि आईटीआई के प्राचार्य संत राम गोड के दारा छात्र-छात्राओं की उपस्थितिमे तथाशिक्षकों के द्वारा गड़बड़ी की जा रही है। पिपरिया शहर से लगभग 6 किलोमीटर दूर आईटीआई स्थापित है दूर-दूर के बच्चे आते हैं स्थाईवाहन न होने के कारण बच्चे टाइम पर पहुंच नहीं पाते है इसलिए शिक्षकों के द्वारा उपस्थित पर दबाव बनाया जाता है। इसलिए छात्र-छात्र परेशानहै। छात्र हेतु कोधयान में 17 जुलाई 2025 को नगर अध्यक्ष एनएसयूआई ए आरिफ अलीफ अली के द्वारा आइटीआइ भवन केसामने अपने 15-20 छात्र-छात्राओं के साथ धरना प्रदर्शनकिया गया। तथा प्राचार्यसतराम गौड़ के आस्वादन पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।



### पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

# नशे से दूरी बहुत जरूरी: एसडीओपी चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में आज नेशनल कैडेट कोर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता अभियान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर के एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे साथ में नगर के थाना प्रभारी राजेश दुबे एवं थाना प्रभारी डोलरिया उपस्थित रहे कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी द्वारा अतिथियों का पुष्प से स्वागत के द्वारा किया गया प्राचार्य ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि नशा आज की समाज की एक सबसे बड़ी समस्या बन चुका है नशा व्यक्ति की शारीरिक मानसिक और सामाजिक जीवन शैली को प्रभावित करता है नशा समाज में एक अभिशाप बन चुका है जो समाज को अंधकार की ओर ले जा रहा है।



### पुलिस ने शुरू किया जनजागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक से दी जानकारी

**सोहागपुर।** मप्र पुलिस नशा मुक्ति पखवाड़ा संचालित कर रही है। जिसमें जन जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। सोहागपुर में भी गुरुवार को रानी लक्ष्मीबाई मंच पर नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन किया गया है। सोहागपुर टीआई उषा मरावी एवं एएसआई गणेश राय ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश भर में 15 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक 15 दिवसीय नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत युवाओं में नशे की लत छुड़ाने संबंधी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोहागपुर में गुरुवार को लघु नाटिका रंग सृजन संस्था नर्मदापुरम के कलाकारों द्वारा की गई।



## भाजपा नगर मंडल ने किया सांसद माया नारोलिया का स्वागत समारोह, विधायक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भाजपा नगर मंडल द्वारा गुरुवार को नगर के मंगल कार्यालय में सांसद माया नारोलिया का गरिमामय स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की विशेष उपस्थिति में विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, नगर भाजपा अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चोरे, महामंत्री नीरज जैन, शैलेन्द्र दुबे, एवं भाजपा नगर मंडल के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने सांसद को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास कार्यों, संगठन की मजबूती एवं आगामी योजनाओं को लेकर सकारात्मक चर्चा की। सांसद माया नारोलिया ने भी अपने उद्बोधन में इटारसी के विकास एवं नागरिकों की सेवा में सतत सक्रिय रहने का आश्वासन दिया।

इस भव्य स्वागत समारोह ने संगठनात्मक एकता एवं जनसेवा के संकल्प को और मजबूत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया।

**नाम परिवर्तन**

मैं राजेंद्र कुमार अहिरवार आयु 41 वर्ष वल्द दुलीचंद निवासी सुभाष वार्ड सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम म.प्र.। मेरी पुत्री संध्या अहिरवार का जन्म दिनांक 09/11/2011 को जिला चिकित्सालय होशंगाबाद में हुआ है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम त्रुटिवश चेतन्या, पुत्री राजेन्द्र अहिरवार पत्नी रेखा अहिरवार दर्ज हो गया है। मेरी पुत्री का सही नाम संध्या अहिरवार है जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो में मेरी पुत्री को संध्या अहिरवार पुत्री राजेन्द्र कुमार अहिरवार पत्नी रेखा अहिरवार के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक 37AA 415651

